सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या–113/85–परती–09–16(परती भूमि)/08

प्रेषक,

योगेश कुमार,
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक
उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम
विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ।

परती भूमि विकास अनुभाग– लखनऊ दिनांक 02 मार्च 2009

विषय–उ0प्र0 भूमि सुधार निगम द्वारा प्रस्तावित यू0पी0 सोडिक लैण्ड रिक्लेमेशन परियोजना–तृतीय का विश्व बैंक से वित्त पोषण एवं परियोजना प्रारूप पर सैद्धान्तिक स्वीकृति।

महोदया,

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्रांक 20ए/12/206–07/पी0एम0यू0/ प्रोजेक्ट –127 दिनांक–30.1.2009 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0 प्र0 भूमि सुधार निगम लि0 द्वारा प्रस्तावित यू0पी0 सोडिक लैण्ड. रिक्लेमेशन परियोजना–तृतीय का विश्व बैंक से वित्त पोषण एवं परियोजना प्रारूप पर शासन ने सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अलावा निगम द्वारा इस प्रस्तावित परियोजना हेतु तैयार की गयी पी0आई0पी0 (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन प्लान) विश्व बैंक को प्रस्तुत किये जाने एवं विश्व बैंक द्वारा रिट्रोएक्टिव फाइनेन्सिंग के अनुमन्यता के परिप्रेक्ष्य में चालू वित्तीय वर्ष 2008–09 में प्री–रिक्लेमेशन कार्यो को प्रारंभ किये जाने पर भी शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

2– अतः अनुरोध है कि कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही यथाशीघ्र सुनिश्चित करने तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव।

S-o